जन जागरूक एवं कल्याण योजना (JJKY)

नईदिशा पब्लिक सर्विसेज, पटना द्वारा संचालित

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी तथा लाभ घर-घर तक पहुंचाना।

www.naidisha.in

योजना क्या है –

जब किसी देश/राज्य के समक्ष आवश्यकताएँ अनन्त हो, उनकी पूर्ति के संसाधन सीमित हो तो वैसे में आवश्कता होती है योजनावद्ध विकास की। अतः सीमित संसाधनों के माध्यम से देश की तात्कालीन आवश्यकताओं के लिए निर्धारित प्राथमिकता के कम में तीव्रतर विकास हेतु किया गया प्रयत्न ही योजना है।

योजना का उद्देश्य – सामाजिक एवं आर्थिक असमानता को दूर करना है जिससे समावेशी विकास संभव हो सके। सरकार द्वारा लागू योजनाओं के उद्देश्यों को इस प्रकार गतिमान करना है कि सामाजिक तथा व्यक्तिगत विकास सुनिश्चत हो सके।

अनियोजित समाज में विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ रहती है, यह आवश्यक नहीं है कि सभी शक्तियाँ एक ही दिशा में कार्य करे। कुछ शक्तियाँ प्रभावी होती है और कुछ उघोगामी।
सरकार के चार शब्दों पर गौर करने की आरजू है। वे शब्द हैं, – 1. योजना, 2. अभियान, 3. अधिकार और 4. आन्दोलनल। इसमें योजना और अभियान सरकार चलाती हैं। जबकि अधिकार और आंदोलन का संबंध साधारण आम जनता से हैं।

भारत में योजना लागू करने में चार सामाजिक आर्थिक उद्देश्य हैं–
1. उत्पादन को बढ़ाना ताकि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि की जा सके।
2. पूर्ण रोजगार प्रदान करना।
3. आय तथा सम्पति की असमानताओं को समाप्त करना।
4. सामाजिक न्याय उपलब्ध कराना।

योजना प्रारंभ–1920 ई0 में अंग्रेज द्वारा प्रथम योजना, प्रथम प्रोजेक्ट गुडगाँव प्रोजक्ट चलाया गया। 1921 ई0 में बंगाल टैगोर इन्डूज (इंगलैड) के द्वारा श्री निकेतन योजना शिक्षा के लिए चलाया गया।

जैसे–जैसे जरूरतें महसूस की गयी वैसे–वैसे ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया। उन्हीं योजनाओं को **जन जागरूक एवं कल्याण योजना (JJKY)** द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी तथा लाभ घर-घर तक पहुंचानें का काम किया जा रहा है।

केन्द्र सरकार की योजनाओं की सूची

1. प्रधानमंत्री कर्मयोगी मानधन योजना | लघु व्यापारी मानधन योजना **लॉन्च की तारीख : 23 जुलाई 2019**

उद्देश्य :व्यापारियों, स्वरोजगारियों को 3,000 रूपये महिना पेंशन

राष्ट्रीय पेंशन योजना या प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना 2019 के अंतर्गत सरकार प्रतिमाह 3,000 रूपये निश्चित पेंशन 60 वर्ष की आयु होने पर देगी। इस सरकारी योजना से देश भर में लगभग 3 करोड़ व्यापारियों, स्वरोजगारियों को लाभ पहुंचेगा। व्यापारियों, स्वरोजगारियों के लिए प्रतिमाह 3 हजार रूपये वाली इस पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए सरकार ने प्रीमियम राशि (PM Laghu Vyapari Maan-dhan National Pension Scheme Premium Amount) का भी प्रावधान किया है जो लाभार्थी की आयु के अनुसार लिया जाएगा। आधिकारिक वेबसाइट : https://maandhan.in

2. प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PMKMY Farmers Pension Scheme) **लॉन्च की तारीख : 1 जून 2019**

उद्देश्य :किसानों को 3,000 रूपये प्रतिमाह पेंशन

पेएमकेएमवाई की घोषणा यूनियन बजट 2019-20 में की गयी थी, जिसके अंतर्गत पात्र किसानों को 60 साल की उम्र के बाद 3,000 हजार रुपये की प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। इस योजना में वही किसान पात्र होंगे जिनके पास 2 हेक्टेयर या इससे कम भूमि है और आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है। आधिकारिक वेबसाइट : https://maandhan.in या https://pmkmy.gov.in/

3. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 2019 **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2019**

उद्देश्य :किसानों को सालाना 6,000 रूपये

इस पीएम किसान आय सहायता योजना (Farmers Income Support Scheme) के तहत मोदी सरकार छोटे और सीमांत किसान जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की भूमि है उन्हे प्रतिवर्ष 6000 रूपये वित्तीय सहायता देती है। पीएम किसान योजना 2019 (PM Kisan Scheme) जो किसानों के कल्याण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है जो उनको न्यूनतम आय का आश्वासन देगी। आधिकारिक वेबसाइट : https://pmkisan.gov.in

4. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2019**

उद्देश्य :असंगठित क्षेत्र कर्मचारियों को 3000 रूपये पेंशन

सभी असंगठित क्षेत्र के कामगार, वर्कर भारतीय जीवन बीमा निगम योजना (Life insurance corporation – LIC) की आधिकारिक वेबसाइट licindia.in पर पीएम श्रम योगी मानधन योजना के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पीएम श्रम योगी मानधन योजना (PM Shram Yogi Maan-dhan Yojana) के तहत 60 वर्ष की आयु होने पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों / कामगारों को 3,000 मासिक पेंशन दी जाएगी। आधिकारिक वेबसाइट : https://labour.gov.in/pm-sym

5. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (PMRSSM) **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2018**

उद्देश्य :गरीब लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त उपचार | आधिकारिक वेबसाइट : https://www.pmjay.gov.in/

6. प्रधानमंत्री जन आरोग्य अभियान **लॉन्च की तारीख : 23 सितंबर 2018**

उद्देश्य :PMJAY माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल में भर्ती होने के लिए 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा

आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को नगदीरहित और बिना कागजों का 5 लाख तक का मुफ्त उपचार

पूरी जानकारी : पीएम जन आरोग्य अभियान

7. प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK)

उद्देश्य :अल्पसंख्यक लोगों तक केन्द्रीय व राज्य की सभी योजनाओं और सुविधाओं को पहुंचाना और उनको मुख्यधारा में लाना। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.minorityaffairs.gov.in/

पीएम जन विकास कार्यक्रम से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ कर उनका विकास करना

8. कृषोंन्नति योजना – हरित क्रांति **लॉन्च की तारीख : 11 मई 2016**

उद्देश्य : किसानों की आय में वृद्धि करना | आधिकारिक वेबसाइट : http://agriculture.gov.in

कृषोंन्नति योजना – हरित क्रांति का उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना है और कृषि क्षेत्र का विकास करने के साथ-साथ उत्पादन क्षमता का विकास करना है इसमें कुल 11 योजनाओं को शामिल किया गया है – MIDH, NMOOP, NMSA, SMAE, SMSP, SMAM, SMPPQ, IMACES, ISAC, ISAM, NeGP-A जो किसानों का हर तरह से विकास करेंगी।

09. राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण योजना (N-YES) **लॉन्च की तारीख : 17 जुलाई 2018**

उद्देश्य : सभी कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देना

राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण योजना (N-YES) के पहले चरण में सभी 10वीं और 12वीं के युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें उन्हे वेतन भी दिया जाएगा।

10. वन धन योजना **लॉन्च की तारीख : 14 अप्रैल 2018**

उद्देश्य : आदिवासी लोगों के लिए वनों तक सुविधाएं पहुंचाना और वनों का विस्तार करना केंद्र सरकार ने वनों के विस्तार के लिए 115 जिलों में काम भी शुरू कर दिया है जिससे आदिवासी लोगों तक सुविधाएं पहुंचाई जा सके और वनों में पेड़-पौधों को काटना भी ना पड़े और इसके लिए सरकार ने 3,000 वन केंद्र भी स्थापित कर दिये हैं।

आधिकारिक वेबसाइट : https://ngodarpan.gov.in/

11. NMSA के तहत राष्ट्रीय बांस मिशन का पुनर्गठन **लॉन्च की तारीख : 25 अप्रैल 2018**

उद्देश्य : बांस के उत्पादन के साथ-साथ किसानों की आय को बढ़ाना| आधिकारिक वेबसाइट : https://nbm.nic.in/

राष्ट्रीय बांस मिशन से सरकारी और गैर सरकारी ज़मीनों पर बांस की खेती को बढ़ावा देना जिससे की किसानों की आय तो बढ़े ही साथ में छोटे, मध्यम और सीमांत किसानों का ध्यान बांस की खेती की ओर हो।

12. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) **लॉन्च की तारीख : 2008-09**

उद्देश्य : रोजगार को बढ़ावा देना और रोजाना की मजदूरी में इजाफा करना| वेबसाइट : http://kviconline.gov.in/

पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) से खुद का रोजगार विकसित करने में सहायता करने के साथ-साथ रोजाना की मजदूरी में इजाफा करना और छोटे, मध्यम व लघु व्यापार में वृद्धि करना।

13.पीएमओ यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी **स्कीम लॉन्च की तारीख : 23 अप्रैल 2018**

उद्देश्य : श्रमिकों, कामगारों को सेवानिव्रत, स्वास्थ्य, बुढ़ापा, अपंगता, मात्रत्व लाभ के साथ रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना पूरे देश में पीएमओ यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी स्कीम से श्रमिकों, कामगारों को सेवानिव्रत, स्वास्थ्य, बुढ़ापा, अपंगता, मात्रत्व लाभ के साथ रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना जिससे उनके जीवन को आसान बनाया जा सके।

आधिकारिक वेबसाइट: https://labour.gov.in/

14. शिक्षा ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी फंड योजना (CGFEL) **लॉन्च की तारीख : 1 अप्रैल 2009**

उद्देश्य :छात्रों को 7.5 लाख तक का बिना गारंटी का शिक्षा ऋण जिससे वे अपनी आगे की पढ़ाई आसानी से कर सके।

आधिकारिक वेबसाइट : http://www.ncgtc.in/

15. राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (NATS & NAPS) **लॉन्च की तारीख : 19 अगस्त 2016**

उद्देश्य : राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (National Apprenticeship Training Scheme) केंद्र सरकार की एक कौशल ट्रेनिंग स्कीम है जिसके तहत सेंट्रल गवर्नमेंट छात्रों को सरकारी, निजी संस्थानों में कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। भारत सरकार की इस राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (National Apprenticeship Training Scheme- NATS) के अंतर्गत आवेदकों को नौकरी करने के लिए जीतने भी गुर चाहिए उन सबके लिए ट्रेनिंग दी जाती है। जिससे की वह प्रशिक्षण प्राप्त करके एक अच्छी नौकरी पा सके। अप्रेन्टिशशिप एक दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली है जिसमे उम्मीदवार उद्यौगिक निरीक्षण में ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (On the job – OJT) के साथ-साथ कक्षा संबंधित निर्देशों का ज्ञान प्राप्त करता है।

आधिकारिक वेबसाइट : http://apprenticeship.gov.in/ or http://mhrdnats.gov.in/

16. प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजना 2019 **लॉन्च की तारीख : जून 2015**

उद्देश्य : नियोक्ताओं व उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान करना जिससे की वे ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा कर सके।

17. केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना (CSIS) **लॉन्च की तारीख : अप्रैल 2009**

उद्देश्य :छात्रों को 7.5 लाख तक का बिना गारंटी का शिक्षा ऋण जिससे उन्हे उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने में किसी भी तरह की वित्तीय समस्या का सामना ना करना पड़े। आधिकारिक वेबसाइट : http://mhrd.gov.in/

18. फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण संवर्धन योजना **लॉन्च की तारीख : 7 मार्च 2018**

उद्देश्य : कृषि संबंधी क्षेत्र में तकनीकों का विकास करना जिससे हवा में प्रदूषण को कम करना और फसल में पोषक तत्वों को सुधारना। आधिकारिक वेबसाइट : https://farmech.dac.gov.in

19. ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर (डीटीसी) योजना **लॉन्च की तारीख : 7 मार्च 2018**

उद्देश्य : ड्राईवरों को ड्राइविंग स्किल को बढ़ाना जिससे रोड के ऊपर दुर्घटना की संभावना कम हो और ड्राइविंग के क्षेत्र में रोजगार बढ़ सके। सभी वाणिज्यिक क्षेत्र के ड्राईवरों को इस योजना से जोड़ना भी केंद्र सरकार का लक्ष्य है।

आधिकारिक वेबसाइट : http://morth.nic.in/

20. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) **लॉन्च की तारीख : 8 मार्च 2018**

उद्देश्य : कम पोषण, एनीमिया, कम वजन के जन्म हुए बच्चों की बीमारियों से निपटने के लिए

पोषण अभियान के तहत, सभी किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों (6 महीने से 3 साल तक) को पका हुआ भोजन मिलेगा। वे घर पर राशन ले सकते हैं जो कम पोषण, एनीमिया, कम वजन के जन्मे बच्चे और स्टंटिंग की समस्या से निपटेंगे। राष्ट्रीय पोषण मिशन एक समग्र स्वास्थ्य देखभाल योजना है जो कुपोषण को जड़ से खत्म करेगी। यह "कुपोषित मुक्त भारत" के सपने को साकार करेगा। आधिकारिक वेबसाइट : https://www.icds-wcd.nic.in/nnm/home.htm

21. प्रधानमंत्री अनुसंधान फैलोशिप योजना (PMRF) **लॉन्च की तारीख : 5 मार्च 2018**

उद्देश्य : पीएचडी के लिए फैलोशिप प्रोग्राम

देश में प्रतिभाशाली छात्रों को पीएचडी करने के लिए आईआईटी और आईआईएस जैसे संस्थानों में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित करना। आधिकारिक वेबसाइट : https://pmrf.in/

22. सोलर चरखा योजना **लॉन्च की तारीख : 5 फरवरी 2018**

उद्देश्य : महिलाओं के लिए रोजगार को बढ़ावा देना

सोलर चरखा योजना में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा कैसे इन यंत्रों को इस्तेमाल करना है जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और खादी के वस्त्र वाले क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्य लक्ष्य सोलर चरखा योजना से ग्रीन ऊर्जा को तो बढ़ावा मिलेगा ही जिसे प्रदूषण करने वाली फैक्ट्रियों पर भी दवाब कम होगा। इसके साथ ही छोटे, मध्यम व लघु उद्योगों को भी आगे बढ़ने में सहायता होगी।

23. आर्थिक आरक्षण – कम आय वालों के लिए 10% कोटा **लॉन्च की तारीख : 7 जनवरी 2019**

उद्देश्य : आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के छात्रों को 10% आरक्षण प्रदान करना

केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में ईडब्ल्यूएस श्रेणी से गरीब बच्चों को 10% आर्थिक आरक्षण देना शुरू किया है। यह आरक्षण ओबीसी / एससी / एसटी बच्चों द्वारा प्राप्त कोटा के समान है।

24. किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम) **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2018**

उद्देश्य : किसानों को सोलर ऊर्जा से चलने वाले पंप देना वेबसाइट : kusum.online or https://mnre.gov.in/#

कुसुम सोलर पंप योजना 2019-20 में किसानों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप दिये जाते हैं जिससे की ऐसे क्षेत्र जहां पर बिजली की पहुँच बहुत कम है या फिर दूर दराज के इलाके जहां पर बिजली की समस्या रहती है। इसके अलावा किसानों का डीजल पंप पर होने वाला खर्च भी कम होगा और यह उनकी आय को वर्ष 2022 तक दुगना करने में भी मदद करेगी।

25. गोबर धन योजना **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2018**

उद्देश्य : गोबर प्रबंधन के लिए तंत्र तैयार करना और उनको ऊर्जा में कैसे बदलना इस पर विचार करना

केंद्र सरकार ने किसानों के लिए गोबर धन योजना की शुरुआत की है जिसके तहत मवेशियों को गोबर के प्रबंधन और पुन: उपयोग करने में मदद मिलेगी और इस तरह से राष्ट्र "ओपन शौच फ्री" होगा। किसान इस कचरे को कृषि में खाद और उर्वरक के रूप में पुनः उपयोग कर सकते हैं। 2018-19 के केंद्रीय बजट में इस कृषि केंद्रित योजना से ग्रामीणों के जीवन में सुधार होगा। गोबर धन का मतलब जैविक जैव-एग्रो संसाधन धन है। यह योजना मवेशियों के गोबर के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसे जैव ईंधन / बायो-CNG के रूप में इस्तेमाल करेगी। उसी प्रकार से, यह योजना केंद्रीय सरकार का एक और कदम है जिसे "2022 तक किसानों की आय दुगनी होगी"

26. रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र सब्सिडी योजना **लॉन्च की तारीख : 29 जनवरी 2018**

उद्देश्य : रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना

अब सामाजिक क्षेत्र और आवासीय क्षेत्र के सभी लोग सोलर रूफटॉप कनेक्शन को अपनी छतों पर लगवा सकते हैं। इस योजना में, लोगों को MNRE रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र कनेक्शन योजना के तहत कुल लागत पर 30% सब्सिडी मिलेगी। जिससे उनका बिजली का बिल कम हो सकता है। आधिकारिक वेबसाइट : https://mnre.gov.in/

27. महिला स्वाभिमान अभियान **लॉन्च की तारीख : 27 जनवरी 2018**

उद्देश्य : स्त्री स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए CSC की पहल

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MEITY) ने CSC के माध्यम से स्त्री स्वाभिमान पहल की शुरुआत की है। CSC द्वारा महिलाओं के लिए अच्छे स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए यह एक अनूठी पहल है। इस योजना के तहत, सरकार महिलाओं को पर्यावरण के अनुकूल माहवारी पैड प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल मुख्य रूप से "महिला सशक्तीकरण" पर ध्यान केंद्रित करेगी। रवि शंकर प्रसाद (इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी और कानून एवं न्याय मंत्री) और अल्फांस कन्ननथानम (इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी और पर्यटन राज्य मंत्री – आईसी) इस पहल की शुरूआत करेंगे।

आधिकारिक वेबसाइट : http://streeswabhiman.in/

28. खेलो इंडिया स्कूल गेम्स **लॉन्च की तारीख : 31 जनवरी 2018**

उद्देश्य : स्कूलों में प्रतिभाशाली छात्रों को ढूंदना और उन्हे 5 लाख तक की छात्रवृत्ति प्रदान करना

खेलो इंडिया स्कूल गेम्स एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच खेल प्रतिभाओं की पहचान करना है। यह स्कूल स्तर पर खेलों का आयोजन करके किया जाएगा और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवारों को आगे के प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा। इस प्रशिक्षण में, सरकार 5 लाख रुपये प्रदान करेगी और उन्हे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगा। आधिकारिक वेबसाइट : http://kheloindia.gov.in/

29. सबला योजना **लॉन्च की तारीख : 27 सितंबर 2010**

उद्देश्य : केंद्र सरकार इससे किशोरियों का सशक्तीकरण करना चाहती है जिससे किशोर बालिकाओं (एसएजी) के लिए स्कीम में 10 से 14 वर्ष की आयु की सभी स्कूली लड़कियों को उचित पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। इस योजना से ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या में कमी आएगी। इसके अलावा उनमें स्वास्थ्य, स्वच्छता और किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य (ARSH) के बारे में जागरूकता पैदा करना है। वेबसाइट : http://wcd.nic.in/schemes/scheme-adolescent-girls-sag

30. बाजार आश्वासन योजना **लॉन्च की तारीख : 27 दिसम्बर 2017**

उद्देश्य : किसानों के लिए मूल्य समर्थन

सरकार ने किसानों की खराब स्थिति के चलते ग्रामीण किसानों के लिए मूल्य समर्थन सुनिश्चित कर सकते हैं इसी के लिए केंद्र सरकार ने बाजार आश्वासन योजना को शुरू किया था जिसके माध्यम से सरकार राज्य सरकार को 30% मुआवजा प्रदान करती है अगर खरीद में किसी तरह का नुकसान होता है तो। इस योजना से कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

31. सृष्टि योजना **लॉन्च की तारीख : 22 दिसम्बर 2017**

उद्देश्य : छतों पर सोलर पावर प्लांट लगवाने के लिए प्रोत्साहन

यह सोलर पावर प्लांट सब्सिडी योजना रूफटॉप पर लोगों को सोलर प्लांट लगवाने पर सब्सिडी प्रदान करेगी। जिससे लोगों को एक साफ, शुद्ध ऊर्जा की ओर जागरूक किया जा सके। इससे पर्यावरण तो प्रदूषण से मुक्त होगा ही साथ में लोगों को बिजली के बिल से भी मुक्ति मिलेगी।

32. वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए योजना (SCBTS) **लॉन्च की तारीख : 21 दिसम्बर 2017**

उद्देश्य : वस्त्र क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार

वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए शुरू की गई केंद्र सरकार की इस योजना में SCBTS राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) के तहत प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे इस क्षेत्र में ट्रेनिंग पाकर लोग अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकते हैं या फिर वस्त्र व्यवसाय में आगे बढ़ सकते हैं। ट्रेनिंग के साथ सरकार ने वेतन देने का प्रबधान भी रखा है। इस योजना से माध्यम, लघु उद्योगों को भी विस्तरा मिलेगा।

33. दलितों के लिए अंतरजातीय विवाह योजना **लॉन्च की तारीख : 7 दिसम्बर 2017**

उद्देश्य : दलितों से शादी पर 2.5 लाख रूपये अनुदान

अंतरजातीय विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता के लिए डॉ बीआर अंबेडकर योजना को संशोधित कर अंतरजातीय विवाह योजना में लाया गया है। इस योजना के तहत, सरकार 2.5 लाख रुपये प्रदान करती है पर शर्त यह है की दूल्हा, दुल्हन में से कोई एक दलित होना अनिवार्य है।

34. प्रधानमंत्री पावरलूम बुनकर क्रेडिट योजना **लॉन्च की तारीख : 29 नवंबर 2017**

उद्देश्य : पावरलूम बुनकरों को वित्तीय सहायता

सभी पावरलूम बुनकरों को अब उनके काम के लिए 90% वित्तीय सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री पावरलूम बुनकर क्रेडिट योजना के तहत पावरलूम क्षेत्र के सभी श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन भी किया जाएगा। यह लघु उद्योगों (SAATHI) की योजना में मदद करने के लिए कुशल वस्त्र प्रौद्योगिकियों के सतत और त्वरित गोद लेने के द्वारा किया जाएगा। सभी लाभार्थियों को कुल परियोजना लागत का 20% मार्जिन मनी सब्सिडी मिलेगी। लॉन्ग टर्म लोन की सुविधा भी सिर्फ 6% ब्याज पर उपलब्ध होगी।

35. प्रधानमंत्री शादी शगुन योजना **लॉन्च की तारीख : 9 अगस्त 2017**

उद्देश्य : अल्पसंख्यक लड़कियों को 51000 रुपये आर्थिक सहायता

शादी शगुन योजना एक नई आगामी केंद्रीय प्रायोजित योजना है जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री शादी शगुन योजना के तहत सभी ग्रेजुएट मुस्लिम या अन्य अल्पसंख्यक समुदाय लड़कियों को 51,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता शादी के उपहार के रूप में प्रदान की जायेगी। मुस्लिम या अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियां जो अपनी शादी से पहले किसी भी वर्ग में अपनी ग्रेजुएट स्तर की पढ़ाई पूरी कर लेती हैं वो इस शादी शगुन योजना का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगी।

36. प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना **लॉन्च की तारीख : सितंबर 2017**

उद्देश्य : सभी नागरिकों को बिजली का कनैक्शन

ग्रामीण और शहरी इलाकों के सभी घर जो अभी भी बिजली रहित हैं उन्हें बिजली प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने सौभाग्य – प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना शुरू की है। सौभाग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए सरकार ने अगले दो वर्षों के लिए 16,320 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इस योजना का उद्देश्य देश के सभी ग्रामीण और शहरी परिवारों को बिजली कनेक्टिविटी प्रदान करना है। 15 अगस्त 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण के दौरान 1,000 दिनों के भीतर सभी 18,452 गांव जहाँ बिजली नहीं थी वहाँ बिजली प्रदान करने की घोषणा की थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक आज देश में केवल 3,046 गांव ही ऐसे है जहाँ बिजली अभी नहीं पहुंची है। वेबसाइट : http://saubhagya.gov.in/

37. उदय या राइज योजना **लॉन्च की तारीख : 1 फरवरी 2018**

उद्देश्य : सभी सरकारी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के भूमिकारूप व्यवस्था का विकास

RISE योजना शैक्षणिक संस्थानों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने जा रही है। सरकार सभी सरकारी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के भूमिकारूप व्यवस्था के विकास के लिए कम लागत की धनराशि प्रदान करेगा। स्कूलों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वित्त संस्थान (सीएफआई) सहित उच्च शिक्षण संस्थान सरकार अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उम्मीदवारों के लिए नए स्कूल भी खोलेगा और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों के कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देगा

38. राष्ट्रीय वयोश्री योजना **लॉन्च की तारीख : बजट 2015-16**

उद्देश्य : वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध कराना

राष्ट्रीय वयोश्री योजना गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2017 में नरेंद्र मोदी सरकार की एक नई योजना है। इस सरकारी योजना के तहत केंद्र सरकार BPL परिवारों से सम्बन्ध रखने वाले वरिष्ठ नागरिकों को जीवन को आसान बनाने के लिए मुफ्त सहयोगी उपकरणों की पेशकश करेगी। राष्ट्रीय वयोश्री योजना 477 करोड़ रुपये की लागत से कार्यान्वित की जाएगी और आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में एक शिविर में 25 मार्च को शुरू होगी। इस योजना के तहत, केंद्र सरकार मुफ्त सहायक उपकरण जैसे कान की मशीन, व्हीलचेयर और कई अन्य उपकरण प्रदान करेगी।

39. प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र (PMMSK) योजना **लॉन्च की तारीख : 22 नवंबर 2017**

उद्देश्य : महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए मिशन

केंद्र सरकार ने देश में प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र (PMMSK) योजना शुरू की है जिसके तहत सरकार ग्रामीण महिलाओं को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त करेगी ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का अनुभव कर सकें। यह योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन लागू की जाएगी। यह योजना 2017-18 से 2019 -20 की अवधि के लिए महिलाओं के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लागू की जाएगी। पूरे देश के 161 जिलों में बेटी बचाओ बेटी पढाओ (BBBP) पहल के सफल कार्यान्वयन के आधार पर केंद्र सरकार ने इस योजना के लाभों के विस्तार के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, केंद्र सरकार प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र (PMMSK) योजना के लिए 2017-18 से 2019-20 के दौरान 3,636.85 करोड़ रुपए की वित्तीय परिव्यय प्रदान करेगी। केंद्र सरकार, राज्य और जिला स्तर पर एक "एक सामान्य कार्य बल" का गठन करेगी। यह कार्य बल आयोजन योजना की समीक्षा और निगरानी में मदद करेगा ताकि कार्रवाई और लागत दक्षता का अभिसरण सुनिश्चित किया जा सके।

40. प्रवासी कौशल विकास योजना (PKVY) **लॉन्च की तारीख : 13 दिसम्बर 2016**

उद्देश्य : अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप युवाओं के कौशल को बढ़ाने की योजना

प्रवासी कौशल विकास योजना (PKVY) अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप युवाओं के कौशल को बढ़ाने और उन्हें विदेशों में रोजगार दिलाने में मदद करने के लिए एक नई आगामी योजना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) की तरह ही, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा अपने प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से नई योजना भी लागू की जाएगी। विदेश मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) योजना के कार्यान्वयन के लिए परामर्श निकाय होंगे। आधिकारिक वेबसाइट : https://www.msde.gov.in/

41. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान **लॉन्च की तारीख : 9 जून 2016**

उद्देश्य : गर्भवती महिलाओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच

पीएमएसएमए योजना देश भर में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देगी। सभी गर्भवती महिलाओं को उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनकी गर्भावस्था के 4 महीने बाद किट व पैकेज मुहैया कराया जाएगा। यह नए जन्मे बच्चे के लिए अच्छा स्वास्थ्य भी सुनिश्चित करेगा। महीने की प्रत्येक 9 तारीख को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और आवश्यक उपचार भी प्रदान किया जाएगा। यह मातृ मृत्यु दर को कम करेगा और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों / बीमारियों के बारे में जागरूक करेगा। आधिकारिक वेबसाइट : https://pmsma.nhp.gov.in/

42. प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (PMGDISHA) लॉन्च की तारीख : 7 अक्टूबर 2017

उद्देश्य : ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को डिजिटल क्रांति से अवगत कराना

PMGDISHA योजना का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को सूचना, ज्ञान, कौशल के साथ सशक्त बनाना और उन्हें शासन में भाग लेने में सक्षम बनाना है। कंप्यूटर, डिजिटल उपकरणों (टैबलेट, स्मार्टफ़ोन) को संचालित करने, ई-मेल भेजने और प्राप्त करने, इंटरनेट ब्राउज़ करने, एक्सेस करने के लिए बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सेवाएं, सूचना की खोज, डिजिटल भुगतान करना आदि। आधिकारिक वेबसाइट : https://www.pmgdisha.in/

43. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना लॉन्च की तारीख : 18 अप्रैल 2017

उद्देश्य : खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का समग्र विकास

SAMPADA योजना "कृषि-समुद्री प्रसंस्करण और कृषि-प्रसंस्करण समूहों के विकास के लिए एक योजना है। इस योजना के तहत 7 योजनाओं को लागू किया जाएगा, जिसमें मेगा फूड पार्क, एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन बुनियादी ढांचा, खाद्य प्रसंस्करण / संरक्षण क्षमता (यूनिट स्कीम) का निर्माण / विस्तार, कृषि-प्रसंस्करण समूहों के लिए बुनियादी ढांचा, पिछड़े और आगे के लिंक का निर्माण , खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना, मानव संसाधन और संस्थान आदि हैं।

आधिकारिक वेबसाइट : http://mofpi.nic.in/Schemes/pradhan-mantri-kisan-sampada-yojana

44. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लॉन्च की तारीख : अगस्त 2017

उद्देश्य : गर्भवती महिलाओं को 6,000 रूपये सहायता

पीएमएमवीवाई या प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की एक प्रमुख योजना है। पीएमएमवीवाई गर्भावस्था सहायता योजना के तहत, केंद्र सरकार 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पहले जन्म के लिए स्तनपान कराने वाली माताओं को 6000 रुपये सहायता लेने के लिए PMMVY पंजीकरण फॉर्म भरना पड़ेगा। 6000 गर्भावस्था सहायता प्राप्त करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों (AWC) या निकटतम अनुमोदित स्वास्थ्य सुविधा के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत आवेदन पत्र सीधे आंगनवाड़ी केंद्रों या अनुमोदित स्वास्थ्य सुविधा से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है या PMMVY गर्भावस्था सहायता योजना आवेदन फॉर्म महिला और बाल विकास मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.wcd.nic.in/node/712776

45. समग्र शिक्षा अभियान लॉन्च की तारीख : 28 मार्च 2018

उद्देश्य : सभी शिक्षा से जुड़ी योजनाओं को एक योजना में जोड़ना

सरकार ने इसमें मुख्यत 3 मौजूदा शिक्षा योजनाओं – सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय मध्यम शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) को मर्ज करने के लिए समागम शिक्षा अभियान शुरू किया है। यह योजना राज्यों को प्री-नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक स्कूली शिक्षा तक पहुंच को सार्वभौमिक बनाने में सहायता प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा है। आधिकारिक वेबसाइट : http://samagra.mhrd.gov.in/

46. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) लॉन्च की तारीख : 2005

उद्देश्य : ग्रामीण लोगों को 100 दिन का गारंटी वाला रोजगार | वेबसाइट : http://nrega.nic.in/netnrega/home.aspx

केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजना (MNREGA Yojna) पूरी तरह से रोजगार पर केंद्रित एक सरकारी योजना है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) 2005 देश के गरीब परिवारों को जॉब कार्ड प्रदान करता है जिनमें जॉब कार्ड धारक या NREGA लाभार्थी द्वारा किए जाने वाले कार्यों की डीटेल शामिल होती है। हर साल प्रत्येक लाभार्थी के लिए एक नया नरेगा जॉब कार्ड तैयार किया जाता है जिसे लाभार्थी आसानी से मनरेगा की आधिकारिक वेबसाइट पर nrega.nic.in पर देख सकता है। NREGA job card list 2019 का उपयोग करके आप अपने गांव / शहर के लोगों की पूरी सूची देख सकते हैं जो आगामी वित्तीय वर्ष में MGNREGA के तहत काम करेंगे। हर साल नए लोग NREGA job card list में जोड़े जाते हैं और कुछ योग्यता मानदंडों के आधार पर हटा भी दिए जाते हैं। कोई भी उम्मीदवार जो नरेगा के योग्यता और मानदंड को पूरा करता है वह NREGA Job Card के लिए आवेदन कर सकता है।

47. ई बस्ता प्रोजेक्ट **लॉन्च की तारीख : अगस्त 2015**

उद्देश्य : डिजिटल कोंटेंट की पहुँच सुनिश्चित करना| आधिकारिक वेबसाइट : https://www.ebasta.in/

यह एक ऑनलाइन डिजिटल मंच है जहां सभी शिक्षक, प्रकाशक, छात्र ई-लर्निंग के लिए एक साथ आते हैं। बस्ता का मतलब है स्कूल बैग में जैसे होता है वैसे ही स्कूल की किताबों और अध्ययन सामग्री का डिजिटल संस्करण पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। ई-बुक्स को टैबलेट और कंप्यूटर पर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रकाशक पोर्टल में सामग्री अपलोड कर सकते हैं और प्रबंधित भी कर सकते हैं। इस ऐप को आप गूगल प्लेस्टोर से स्मार्टफोन व टैब्लेट पर डाउनलोड कर सकते हैं।

48. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) **लॉन्च की तारीख : 28 अगस्त 2014**

उद्देश्य : वित्तीय समावेशन और देश के सभी घरों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बनाना। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) देश के सभी घरों में व्यापक वित्तीय समावेशन लाने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन है। PMJDY के तहत, कोई भी व्यक्ति जो 10 वर्ष से अधिक आयु का है और उसका बैंक में बचत खाता नहीं है, वह ज़ीरो बैंक बचत खाता खोल सकता है। यह योजना वित्तीय सेवाओं जैसे कि बैंकिंग / बचत और जमा खातों, प्रेषण, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, बीमा और पेंशन जैसी सेवाओं को किफायती तरीके से सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी। इस योजना का मुख्य लक्षय ज्यादातर गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों जिनका बैंक में खाता नहीं है उन्हे बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है। वेबसाइट : http://www.pmjdy.gov.in

49. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) **लॉन्च की तारीख : 8 अप्रैल 2015**

उद्देश्य : सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र की वृद्धि के लिए वित्तीय सहायता

गैर-कॉर्पोरेट लघु व्यवसाय क्षेत्र को वित्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी) शुरू की गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) देश भर की सभी बैंक शाखाओं से उपलब्ध है। छोटे व्यवसाय / स्टार्टअप या उद्यमी अपना कारोबार शुरू करने के लिए 50 हजार से 10 लाख तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.mudra.org.in

50. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना **लॉन्च की तारीख : 9 मई 2015**

उद्देश्य : सभी भारतीय नागरिकों को जीवन बीमा उपलब्ध कराना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत में एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसका उद्देश्य भारत में लोगों में जीवन बीमा कवर की पहुंच को बढ़ाना है। यह योजना 18 से 50 वर्ष के बीच के सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इस योजना के तहत, पॉलिसी धारक 330 रुपये सालाना प्रीमियम देकर 2 लक तक का जीवन बीमा कवर प्राप्त कर सकता है। वह नागरिक जिनका बैंक में एक बचत खाता है और उनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.jansuraksha.gov.in

51. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना **लॉन्च की तारीख : 9 मई 2015**

उद्देश्य : सभी भारतीय नागरिकों को दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना | वेबसाइट : http://www.jansuraksha.gov.in

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत में एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसका उद्देश्य भारत में लोगों में जीवन बीमा कवर की पहुंच को बढ़ाना है और उन्हे दुर्घटना के समय वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह योजना 18 से 70 वर्ष के बीच के सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इस योजना के तहत, पॉलिसी धारक 12 रुपये सालाना प्रीमियम देकर 2 लक तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकता है। वह नागरिक जिनका बैंक में एक बचत खाता है और उनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

52. अटल पेंशन योजना **लॉन्च की तारीख : 9 मई 2015**

उद्देश्य : सभी तरह की पेंशन योजनाओं में लोगों की संख्या को बढ़ाना वेबसाइट : http://www.jansuraksha.gov.in

अटल पेंशन योजना पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई तीन जन सुरक्षा योजनाओं में से एक है। APY का उद्देश्य पूरे देश में पेंशन योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाना है। यह योजना विशेष रूप से निजी असंगठित क्षेत्र को लक्षित है और 18 से 40 वर्ष के बीच के सभी भारतीय नागरिकों के लिए शुरू की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को 60 वर्षकी आयु प्राप्त करने और प्रतिमाह पेंशन प्राप्त करने के लिए कम से कम 20 वर्ष के लिए अंशदान देना होगा। यह योजना 1000 रुपये से 5,000 रूपये तक की मासिक पेंशन प्रदान करती है।

53. प्रधानमंत्री आवास योजना **लॉन्च की तारीख : 25 जून 2015**

उद्देश्य : सभी नागरिकों को 2022 तक आ□ण घर देना **वेबसाइट : http://mhupa.gov.in**

प्रधानमंत्री आवास योजना नरेंद्र मोदी सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। □ीएमएवाई के तहत, सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2022 तक ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणियों के लोगों को लगभग 5 करोड़ किफायती घर मुहैया कराए जाएं। शहरी क्षेत्र में 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य है और देश भर में ग्रामीण क्षेत्रों में 3 करोड़ घर देने का लक्ष्य है। इसके साथ ही इन घरों को खरीदने के लिए केंद्र सरकार ने कम ब्याज के लोन की सुविधा भी रखी है।

54. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना **लॉन्च की तारीख : 11 अक्टूबर 2014**

उद्देश्य : भारी बारिश, प्राकृतिक आ□दाओं, कीटों या बीमारियों से किसानों को फसल बीमा प्रदान करना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में सत्ता में आने के बाद देश के नागरिकों के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनायें शुरू करी थी। जिनमें से एक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana) जिसको 18 फरवरी, 2016 को लॉन्च किया गया था। Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओं में से सबसे सफल योजना थी, जिसके तहत भारी बारिश, प्राकृतिक आ□दाओं, कीटों या बीमारियों के कारण क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान होने □र केंद्र सरकार किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। आ□दा □ीड़ित किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PM Fasal Bima Yojana) के तहत प्रीमियम कैलकुलेटर का उ□योग करके अ□नी प्रीमियम राशि जान सकते हैं। केंद्र सरकार सफलता□ूर्वक □ूरे देश में इस सरकारी योजना को चला रही है। □ीड़ित किसान खरीफ और रबी की फसलों के लिए □ीएम फसल बीमा योजना के लिए ऑनलाइन □ंजीकरण कर सकते है, जिसके लिए आधिकारिक □ोर्टल □र रजिस्ट्रेशन खुले हैं।

आधिकारिक वेबसाइट : https://pmfby.gov.in/

55. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKY) **लॉन्च की तारीख : अप्रैल 2015**

उद्देश्य : गरीबों के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करना और देश भर में ज्यादा से ज्यादा गरीब आबादी तक □हुंचना।गरीब कल्याण योजना एक गरीबी उन्मूलन योजना है, जो मुख्य रू□ से गरीबों के हित के लिए काम करेगी। इसके तहत ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों तक योजनाओं का लाभ □हुंचे यह सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करना और प्रेरित करना है।

आधिकारिक वेबसाइट : http://niti.gov.in

56. मेक इन इंडिया **लॉन्च की तारीख : 25 सितंबर 2014**

उद्देश्य : बहु-राष्ट्रीय, साथ ही घरेलू कं□नियों को भारत में अ□ने उत्□ादों का निर्माण करने और 25 क्षेत्रों में रोजगार और कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना। केंद्र सरकार का मेक इन इंडिया □हल के □ीछे प्रमुख उद्देश्य अर्थव्यवस्था के 25 क्षेत्रों में रोजगार सृजन और कौशल वृद्धि □र ध्यान केंद्रित करना है। इस □हल का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता मानकों और □र्यावरण □र प्रभाव को कम करना है। इस □हल से भारत में □ूंजी और तकनीकी निवेश के लिए देश विदेश की कं□नी को आकर्षित करना है। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.makeinindia.com

57. स्वच्छ भारत अभियान **लॉन्च की तारीख : 2 अक्टूबर 2014**

उद्देश्य : महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स□ने को □ूरा करना

स्वच्छ भारत मिशन शहरी विकास मंत्रालय (एम / ओ यूडी) और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए क्रमशः □ेयजल और स्वच्छता मंत्रालय (एम / ओ डीडब्ल्यूएस) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। जिसके तहत देश में जगह-जगह सफाई अभियान चलाये जाते हैं। आधिकारिक वेबसाइट : http://swachhbharat.mygov.in

58. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना **लॉन्च की तारीख : 17 फरवरी 2015**

